दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

नकली घी मामला: रोजाना 1500 लीटर घी तैयार होता था रतनगढ़ की फैक्ट्री में, 10 दिन में खफा देते थे 15 हजार लीटर / नकली घी मामला: रोजाना 1500 लीटर घी तैयार होता था रतनगढ़ की फैक्ट्री में, 10 दिन में खफा देते थे 15 हजार लीटर

Sikar News - नकली घी बनाकर बाजार में बिक्री कर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले आरोपी मंगलवार दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ...

Apr 25, 2018, 04:00 AM IST

नकली घी बनाकर बाजार में बिक्री कर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले आरोपी मंगलवार दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ नहीं लगे। रविवार की रात औद्योगिक क्षेत्र की रोड छह पर स्थित नकली घी बनाने की फैक्ट्री पर पुलिस कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए बिलों से सामने आया कि नकली घी के कारोबार में लिप्त उक्त लोग भिवाड़ी अलवर से श्रीनाथ कृपा फूड नोखा के नाम पाम ऑयल मंगवाते थे।

पाम ऑयल में एसेंस डालकर देसी घी बनाकर पैकिंग करके बाजार में नेशनल फूड पैकर्स के नाम से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। बिलों को देखने से स्थिति स्पष्ट हुई कि आरोपी नकली घी को पाली, कुचेरा, खाटू छोटी, जोधपुर, गोलुवाला, रायसीनगर, संगरिया, सार्दुलशहर, मेड़ता सिटी, बाड़मेर, हनुमानगढ़ टाऊन, श्रीकरणपुर, जायल व डेगाना भेजने वाले थे। जब्त बिलों को खंगालने पर रतनगढ़ की एक फर्म का नाम भी सामने आया है, जो उक्त घी इन लोगों से खरीदकर बेचती है। रविवार को अगर पुलिस 15 मिनट देरी से पहुंचती, तो उक्त ट्रक वहां से नकली घी लेकर निकल जाता। पुलिस ने नौ घंटे की कार्रवाई के दौरान 13 टन विभिन्न ब्रांडों का नकली घी जब्त कर फैक्ट्री को सीज कर दिया था। बताया जा रहा है कि ऐसे कई लोग नकली घी की सप्लाई का नेटवर्क चला रहे हैं।

आरोपी ओमप्रकाश ।

एक दिन में 1300 से 1500 लीटर घी तैयार करते थे, माल बनते ही ट्रक में भरकर भेज देते | नकली घी बनाने का कारोबार करने वाले आरोपी रतनगढ़ स्थित फैक्ट्री में एक दिन में 1300 से 1500 लीटर घी तैयार करते थे। एसएचओ राणीदान के अनुसार प्रारंभिक स्तर की पूछताछ में सामने आया कि उक्त लोग 15 हजार लीटर पॉम आयल 10 दिन में निपटा देते थे। इस हिसाब से वे लोग प्रति दिन 1300 से 1500 लीटर नकली घी एक दिन में तैयार करते। माल तैयार होते ही उसे ट्रक में भरकर भेज दिया जाता था।

Source: https://www.bhaskar.com/news/latest-chala-news-040003-1544112.html